हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 29 नवंबर 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 17.2 डिग्री
न्यूनतम 7.2 डिग्री

4
मौसम ने बदली करवट तापमान 5 डिग्री पर लुढ़का



## खबर संक्षेप

### नियुक्ति हेतु पात्र व अपात्र सूची जारी

**जशपुरनगर।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत वन अधिकार अधिनियम 2006 के क्रियान्वयन हेतु जिला एवं चिन्हित अनुभाग स्तर पर वन अधिकार प्रकोष्ठ में मानव संसाधन के रूप में जिला स्तरीय समन्वयक तथा उपखण्ड स्तर पर एमआईएस सहायक की नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। जिला स्तरीय चयन समिति के परीक्षण उपरान्त जिला स्तरीय समन्वयक हेतु 63 आवेदन प्राप्त है, जिसमें से 63 अपात्र तथा एमआईएस सहायक के 85 आवेदन प्राप्त है, जिसमें से 03 पात्र, 82 अपात्र पाया गया। पात्र व अपात्र सूची में दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु लिखित अभ्यावेदन 03 दिसम्बर 2025 तक निर्धारित की गई है। अभ्यार्थी पुष्टि हेतु आवश्यक दस्तावेज के साथ कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जशपुर में कार्यालयीन समय तक अभ्यादेवन प्रस्तुत कर सकते है।

### विद्युत अधोसंरचनाओं का तीव्र गति से हो रहा विकास



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुवार को नारायणपुर में आयोजित किसान एवं महतारी सम्मेलन में जिस सोनक्यारी एवं महेशपुर में 33/11 केवी उपकेंद्र का लोकार्पण किया, इसका लाभ लगभग 27 ग्रामों के 12 हजार उपभोक्ताओं को मिलेगा। इन उपकेंद्रों से उच्च गुणवत्तायुक्त विद्युत की आपूर्ति हो सकेगी। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा विकासखंड मनोरा अंतर्गत ग्राम सोनक्यारी में निर्मित 3.87 करोड़ की लागत से 33/11 केवी, 3.15 एमवीऐ क्षमता का उप केंद्र, 22 किलोमीटर 33 केवी लाइन, 9.4 किलोमीटर 11 केवी की लाइन एवं 4 नंबर 11 केवी फीडर का निर्माण से क्षेत्र के लगभग 17 ग्रामों के 5500 उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। इसी तरह पत्थलगांव ब्लॉक अंतर्गत ग्राम महेशपुर में निर्मित 3.38 करोड़ रूपए की लागत से 33/11 केवी, 3.15 एमवीऐ क्षमता का उपकेंद्र, 20 किलोमीटर 33 केवी लाइन, 8 किलोमीटर 11 केवी लाइन, 4 नंबर 11 केवी फीडर का निर्माण से लगभग 10 ग्रामों के 6500 उपभोक्ताओं को गुणवत्ता पूर्ण विद्युत आपूर्ति की जा सकेगी।

### एसआईआर कार्य का व्यापक प्रचार करने की अपील



**जशपुरनगर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी हरिओम द्विवेदी द्वारा जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सर्व मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण SIR अर्हता तिथि 01.01. 2026 के संदर्भ में बैठक आयोजित किया गया। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में कुल 878 मतदान केन्द्र स्थापित है, जिसमें कुल मतदाताओं की संख्या 6,87,249 है। 28 नवंबर 2025 तक की स्थिति में जिले में कुल 4,86,205 मतदाताओं का डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिले के राजनैतिक दलों को तहसीलवार एवं विधानसभा वार जिस मतदान केन्द्रों में 60 प्रतिशत से कम डिजिटाइजेशन का कार्य हुआ है उसकी सूची भी उपलब्ध कराई गई है। आयोग के निर्देशानुसार जिन मतदाताओं का फोटो धुंधला या अस्पष्ट है, ऐसी स्थिति में मतदाता चाहे तो नवीन फोटो उपलब्ध होने पर बूथ लेवल अधिकारी को उपलब्ध करा सकेगा। बूथ लेवल अधिकारी भी बीएलओ एप के माध्यम से फोटो खींचकर अपलोड करेगा। सभी मतदाताओं को फोटो देने की आवश्यकता नहीं है, इस संबंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को जानकारी दी गई है।

## दो साथियों के साथ झारखंड से लाई पुलिस, भेजा जेल

# फर्जी सी बुल्स ग्लोबल कंपनी का डायरेक्टर चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव



करोड़ों की ठगी के मामले में फरार तीन आरोपियों को पुलिस ने झारखंड से हिरासत में लिया है। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। मामे में पुलिस की कार्रवाई जारी है।

पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्रांतर्गत मदनपुर, इंजिको निवासी 43 वर्षीय जागेश्वर लाल यादव खेती-बाड़ी ठेकेदारी का काम करता है, वर्ष 2023 में उसे तथा उसके साथी डॉ पीताम्बर साय निराला, सुकुंद चौहान, राजेंद्र भगत को पत्थलगांव के एक होटल मान्या से उसके एक परिचित ने फोन कर बताया था कि एक कंपनी से कृषि प्रोडक्ट की जानकारी देने के लिए एक व्यक्ति संतोष कुमार साव आया हुआ है। संतोष कुमार साव से उनकी मुलाकात हुई तो उसने प्रार्थी व उसके साथियों को बताया कि वह घरघोड़ा, पत्थलगांव में प्रोडक्ट बेस कंपनी (सी बुल्स ग्लोबल सॉल्यूशन) में कार्य करता है, कंपनी एक कृषि संबंधी प्रोडक्ट्स का नया प्लांट लगाने वाली है, जिसमें निवेश करने पर अच्छा खासा लाभ मिलेगा व प्रति महीना जमा रकम पर ब्याज मिलता रहेगा। जिस पर प्रार्थी व उसके साथियों तथा क्षेत्र के अन्य ग्रामीणों ने संतोष कुमार साव के झांसे में आकर कंपनी में निवेश हेतु रकम दी थी। निवेश के कुछ महीने तक रकम, प्रार्थी व उसके साथियों तथा ग्रामीणों को प्रतिमाह ब्याज का रकम मिल रहा था, उसके बाद पैसा आना बंद हो गया। पैसा आना बंद होने पर प्रार्थी व उसके साथियों ने, संतोष कुमार साव से संपर्क किया व पैसा न आने का कारण पूछने पर, आरोपी संतोष कुमार साव के द्वारा उन्हें उक्त सी बुल्स ग्लोबल सॉल्यूशन नामक कंपनी के एम. डी. मोहम्मद सिराज आलम से मिलवाया। उसने प्रार्थियों को झांसे में लेकर जांजगीर चांपा के रहने वाले हरिशरण देवांगन व संतोष कुमार साहू से मिलवाया। उन्होंने कोरबा, चांपा, अंबिकापुर, घरघोड़ा, बिलासपुर में मीटिंग का आयोजन कर, उनसे करोड़ों रुपए का कंपनी में निवेश कराया। निवेश की रकम पर गारंटी के तौर पर फेडरल बैंक व इंडसइंड बैंक का चेक दिया गया था। इस प्रकार प्रार्थी जागेश्वर लाल यादव के द्वारा ऑन लाइन व नकद मिलाकर 1करोड़ 80 लाख रु, उसके साथी लक्ष्मण केशवानी के द्वारा 95 लाख रुपए, कमलेश यादव के द्वारा 10 लाख, भूषण पटेल के द्वारा 33 लाख रुपए, डॉ पीताम्बर साय निराला के द्वारा 25 लाख रु, राजेश देवांगन के द्वारा 15 लाख रुपए, इस प्रकार अन्य लोगों से भी रुपए लेकर कुल कुल 6 करोड़ रुपए की ठगी की गई। निवेशकों के द्वारा अपनी रकम वापस मांगने पर वर्ष 2024 में ठगों के द्वारा हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड बनने के नाम पर, ओडिशा के सुंदरगढ़ में मीटिंग आयोजित कर, निवेशकों के आधार कार्ड, पेन कार्ड जैसे दस्तावेज लेकर व निवेशकों के हस्ताक्षर लेकर, निवेशकों के नाम पर, सी बुल्स सहयोग निधि, रियल स्टेट व फाइनेंस लिमिटेड के नाम से रजिस्ट्रेशन करा दिया गया और निवेशकों को उसका मेंबर व डायरेक्टर बना दिया गया। कंपनी के द्वारा अपने वेब साइट को बंद कर दिया गया है, व सी बुल्स ग्लोबल सॉल्यूशन कंपनी के डायरेक्टर व उसके सदस्यों से संपर्क करने पर उनके द्वारा, कंपनी में लॉस का बहाना बना कर, रकम वापसी हेतु टाल मटोल किया जा रहा है। व अपने फोन को भी बंद कर दिया गया है।

- करोड़ों रुपए की ठगी कर भागे थे ठग

### दो आरोपी को पहले भेजा गया जेल

चूंकि मामला आम ग्रामीणों से करोड़ों रुपए की ठगी से संबंधित था अतः, मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह के दिशा निर्देश पर तत्काल थाना पत्थलगांव में आरोपियों के विरुद्ध धारा 420,120(बी) व 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया था। पुलिस के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पूर्व में ही मामले से जुड़े दो आरोपी हरिशरण देवांगन व संतोष कुमार साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया था। सी बुल्स ग्लोबल सॉल्यूशन कंपनी का तथा कथित एम डी, मोहम्मद सिराज आलम व उसका पार्टनर इमरान खान तथा सहयोगी संतोष साव घटना दिनांक से फरार थे।

### बोकारो व रांची से पकड़े गए आरोपी

मुखबिर की मदद से पता चला कि उक्त सी बुल्स ग्लोबल सॉल्यूशन कंपनी का एम डी मोहम्मद सिराज आलम , बोकारो झारखंड में है, तथा उसके पार्टनर व सहयोगी इमरान खान व संतोष कुमार साव रांची में हैं, जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह के द्वारा तत्काल एक पुलिस टीम गठित कर, फरार आरोपियों की धर पकड़ हेतु, रांची, बोकारो झारखंड रवाना की गई, जहां जशपुर पुलिस की टेक्निकल टीम के सहयोग से, बोकारो से मोहम्मद सिराज को व रांची से इमरान खान तथा संतोष कुमार साव को हिरासत में लेकर वापस लाया गया है। पुलिस के द्वारा उनके कब्जे से मोबाइल फोन, आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक खाता व लैपटॉप को बरामद कर जप्त किया गया है। पुलिस के द्वारा उनके बैंक डिटेल व लैपटॉप की डाटा की जांच की जा रही है।

### रिमांड पर भेजा गया

थाना पत्थलगांव में दर्ज करोड़ों की ठगी के मामले में फरार तीन आरोपियों को पुलिस ने झारखंड से हिरासत में लेकर लाया है, जिन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है। पुलिस की कार्रवाई जारी है।

-**शशि मोहन सिंह**, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जशपुर

## छात्राओं से अश्लील हरकत करने वाला शराबी प्रधान पाठक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

खबर का असर


जिले में शिक्षा का मंदिर फिर शर्मसार, दो शिक्षिकाओं के साथ भी दुर्व्यवहार
छात्राओं ने प्रधान पाठक पर लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप

28 नवंबर को हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

जिले के पत्थलगांव विकासखंड अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कन्या सुरंगपानी में छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न, अश्लील बातें और शराब के नशे में दुर्व्यवहार करने वाले प्रधान पाठक गणेश राम चौहान के खिलाफ खबर प्रकाशित होने के बाद शिक्षा विभाग हरकत में आया है। मीडिया में खबर आते ही प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रधान पाठक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। हालांकि, इस निलंबन की कार्रवाई से पालक और ग्रामीण संतुष्ट नहीं हैं। उनका कहना है कि यह मामला केवल विभागीय नहीं, बल्कि गंभीर आपराधिक प्रवृत्ति का है, इसलिए आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर जेल भेजा जाना चाहिए।

कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक (शिक्षा), सरगुजा संभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जिला शिक्षा अधिकारी जशपुर के प्रतिवेदन के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। आदेश में स्पष्ट उल्लेख है कि प्रधान पाठक गणेश राम चौहान द्वारा शराब का सेवन कर विद्यालय में उपस्थित होना, छात्राओं से अश्लीलतापूर्ण तरीके से बात कर उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ति करना और कर्मचारियों से गाली-गलौज करना प्रथम दृष्टया सही पाया गया है। विभाग ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, फरसाबहार नियत किया है। विभाग द्वारा निलंबन आदेश जारी करने के बावजूद पालकों ने नाराजगी व्यक्त करते हुये इस कार्रवाई को नाकाफी बताया। पालकों का कहना है कि प्रशासन निलंबन की कार्रवाई कर केवल औपचारिकता निभा रहा है।

पालकों का तर्क है कि, ₹दो दर्जन से अधिक नाबालिग आदिवासी छात्राओं के साथ यौन शोषण का प्रयास और मानसिक प्रताड़ना कोई साधारण विभागीय गलती नहीं है, बल्कि यह 'पॉक्सो एक्ट' और 'एट्रोसिटी एक्ट' के तहत एक गंभीर अपराध है।₹ ग्रामीणों ने मांग की है कि विभाग को केवल निलंबन तक सीमित न रहकर पुलिस में एफआईआर दर्ज करानी चाहिए थी।

**खास बातें**

- डीईओ के प्रतिवेदन पर संयुक्त संचालक सरगुजा ने की कार्रवाई

## चार जैन आर्यिका उपसंघों का भव्य मिलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

आस्था और तप की अनूठी मिसाल पेश करते हुए शुक्रवार शाम जशपुर ने दुर्लभ धार्मिक दृश्य का साक्षी बना, जब चातुर्मास सम्पन्न होने के बाद जैन आर्यिका अन्तर्मती माताजी ससंघ (रायपुर) तथा अनर्घ्यमती माताजी ससंघ (बिलासपुर) ने पद-विहार करते हुए जशपुर में एक साथ भव्य प्रवेश किया। नगर में 11 पिच्छियों का प्रवेश हुआ, जो साध्वी संघों की गरिमा और जशपुर जैन समाज की श्रद्धा को दर्शाता है। पहले से ही आर्यिका अनुपममती और अपूर्वमती माताजी जशपुर जैन मंदिर में विराजमान थीं। आज दोनों नए संघों के आगमन के साथ चारों आर्यिकाओं का मिलन महाराजा चौक में हुआ, जो जैन समाज के लिए किसी ऐतिहासिक क्षण से कम नहीं रहा। नगर के जैन मंदिर सहित आसपास के क्षेत्रों में आज सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ी रही।

### सम्मेदशिखर की ओर बढ़ता तप का कारवां

दोनों साध्वी संघों का यह विहार शाश्वत तीर्थ क्षेत्र सम्मेदशिखर की ओर निरंतर अग्रसर है। जैन धर्म में सम्मेदशिखर को तीर्थों का राजा कहा जाता है, जहां 20 तीर्थंकरों ने निर्वाण पाया। इस पावन मार्ग पर माता जी संघ का पद-विहार हो रहा है, जिसे साक्षात देखने को जशपुरवासियों ने स्वयं को सौभाग्यशाली माना।नगर के लोगों ने स्वागत और विनम्रता से दोनों संघों का अभिनंदन किया। साध्वी संघों के आगमन से जशपुर का धार्मिक वातावरण विशेष रूप से आलोकित हो उठा है।

### आहारचर्या बना प्रेरणा का केन्द्र

अन्तर्मती माताजी ससंघ की शुक्रवार की आहार चर्या भंवरी देवी राइस मिल, बालाछापर में संपन्न हुई। बड़े स्तर पर ग्रामीणों और शहरवासियों ने पहुँचकर माताजी की तपस्या का लाभ लिया। इसी दौरान माताजी के उपदेशों और ससंघ की शांतिमय उपस्थिति से प्रभावित होकर 15 ग्रामीण स्त्री-पुरुषों ने आजीवन शाकाहार अपनाने का संकल्प लिया।जैन परंपरा में आहार चर्या केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि अनुशासन, संयम और अहिंसा का जीवंत संदेश मानी जाती है। आज हुए संकल्प ने इस बात पर मुहर लगा दी कि जशपुर क्षेत्र में अहिंसा और शाकाहार की ओर लोगों का झुकाव लगातार बढ़ रहा है।

## लुडेग बाजार से चोरी हुई बाइक के साथ युवक गिरफ्तार



**जशपुरनगर।** पत्थलगांव पुलिस ने तेज़ी दिखाते हुए चोरी की बाइक के साथ एक चोर को रंगेहाथ दबोच लिया। लुडेग साप्ताहिक बाजार से गायब हुई होंडा साइन सीजी 13 बीडी 0787 की गुत्थी पुलिस ने 17 दिन बाद सुलझा ली है। आरोपी मंटू कुमार नट उम्र 31 वर्ष बाइक बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा था, तभी पुलिस ने उसे घेरकर पकड़ लिया। प्रार्थी सिलबियुस केरकेट्टा ने 16 नवंबर को थाने में रिपोर्ट की थी कि वह साप्ताहिक बाजार गया था। रोड किनारे खड़ी उसकी बाइक आधे घंटे में गायब हो गई। काफी तलाश के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला।थाना पत्थलगांव में बीएनएस की धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी। अतलाश के दौरान पुलिस को पता चला कि दीवानपुर नटपारा का मंटू नट चोरी की होंडा साइन बेचने की कोशिश कर रहा है। इसी सूचना पर पुलिस की टीम सक्रिय हुई और इलाके में घेराबंदी कर संदिग्ध की तलाश शुरू कर दी। कुछ ही देर में आरोपी पत्थलगांव क्षेत्र में चोरी की बाइक पर घूमता मिला। पुलिस ने मौके पर ही उसे हिरासत में लिया।

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को मिली नई गति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर




मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बाल विवाह उन्मूलन की दिशा में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने विगत दिवस ग्राम नारायणपुर में आयोजित किसान महतारी सम्मेलन के दौरान बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत तैयार जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

कार्यक्रम स्थल से रवाना किए गए इस रथ के माध्यम से 100 दिनों तक जिले में जनजागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बाल विवाह बच्चों के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य के मार्ग में गंभीर बाधा है। उन्होंने कहा कि यह जागरूकता रथ गांव-गांव जाकर समाज को प्रेरित करेगा और बाल विवाह उन्मूलन के लिए आवश्यक जनभागीदारी सुनिश्चित करेगा। उन्होंने अभियान की सफलता के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए सभी वर्गों से सहयोग की अपील की। यह अभियान जिला प्रशासन के साथ समर्पित संस्था के जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के सहयोग से संचालित एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन प्रोजेक्ट के अंतर्गत जिले में चलाया जा रहा है। इस दौरान वित्त मंत्री ओपी चौधरी, नगर पालिका जशपुर अध्यक्ष अरविंद भगत, वरिष्ठ नागरिक प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, कृष्णा राय, जनप्रतिनिधियों सहित, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अजय शर्मा एवं समर्पित संस्था के डॉ संदीप शर्मा, अंजलि ताम्रकार, मनीष छाबड़ा, बबीता ताम्रकार, रानी नायक मौजूद रहे।

### 100 दिनों तक चलेगा व्यापक जनजागरूकता

यह अभियान जिला प्रशासन तथा समर्पित संस्था (गरीबी उन्मूलन एवं सामाजिक अनुसंधान केंद्र, बिलासपुर छ.ग.), जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं के संयुक्त सहयोग से संचालित किया जा रहा है। समर्पित संस्था के प्रतिनिधि और स्वयंसेवक जिलेभर में जन जागरूकता गतिविधियों के संचालन में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। रथ पर बाल विवाह मुक्त भारत से संबंधित संदेश, नारे और जागरूकता सामग्री प्रदर्शित की गई है। 'आओ मिलकर बढ़ाएँ कदम, बाल विवाह मिलकर करें ख़त्म' जैसे प्रेरक संदेश इसका मुख्य आकर्षण हैं। रथ अगले 100 दिनों में सभी विकासखंडों, ग्राम पंचायतों, विद्यालयों और समुदायों में पहुँचकर जनसंवाद, नाटक, परामर्श सत्र एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता फैलाएगा।

### समुदाय सहभागिता से होगा बाल विवाह का उन्मूलन

रथ ग्रामीणों, अभिभावकों और किशोर-किशोरियों को बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणाम, कानूनी प्रावधान और सुरक्षित भविष्य के महत्व की जानकारी देगा। स्थानीय पंचायतों, शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और युवाओं की सहभागिता से अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

## तकनीकी प्रशिक्षण से किसानों की आय में होगी वृद्धि

# रबी फसल उत्पादन तकनीक एवं जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, रांची पहाड़ी एवं पठारी अनुसंधान केंद्र, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कुनकुरी तथा कृषि विज्ञान केंद्र जशपुर के संयुक्त तत्वावधान में पूर्वी क्षेत्र में धान–परती प्रणाली के अंतर्गत एक दिवसीय रबी फसल उत्पादन तकनीक एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 27 नवम्बर को जशपुर जिले के ग्राम दुर्गापारा, बिमडा (बगीचा) में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम बिमडा में किया गया। अधिकारियों ने कहा कि जनजातीय उप-योजना एवं अनुसूचित जाति उप-योजना के तहत इस प्रकार के तकनीकी प्रशिक्षण से किसानों में जागरूकता बढ़ेगी, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी और आजीविका में सुधार आएगा।

कार्यक्रम में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद रांची केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक एवं अनुसूचित जाति व जनजाति उप-योजना के प्रभारी डॉ.बाल कृष्ण झा ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में अधिकांश किसान केवल धान की एकल फसल लेते हैं, जिससे खेती की पूरी ⏭ शेष पेज 4 पर

### रबी फसलों के जल प्रबंधन पर विशेष जानकारी

कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कुनकुरी के डीन डॉ.अमित कुमार सिन्हा ने किसानों को रबी फसलों के उन्नत जल प्रबंधन तकनीकों की जानकारी देते हुए बताया कि धान कटाई से पूर्व उतेरा विधि से दलहन व तिलहन के बीजों का छिड़काव,खेतों की शेष नमी का प्रभावी उपयोग,कम सिंचाई में अधिक उत्पादन,से किसान बेहतर उपज प्राप्त कर सकते हैं। कृषि विज्ञान केंद्र जशपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ.राकेश भगत ने किसान भाइयों से अपील की कि वे धान के बाद दलहन एवं तिलहन की बुवाई अवश्य करें।उन्होंने कहा कि फसल तीव्रता बढ़ाना ही आय बढ़ाने का सबसे प्रभावी तरीका है।

### बीज व कृषि सामग्री का वितरण

इस एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्राम बिमडा व दुर्गापाड़ा के लगभग 40 अनुसूचित जनजातीय किसानों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में सरसों की उन्नत किस्म का बीज, खरपतवार प्रबंधन हेतु दवाएं, किसानों को वितरित की गईं।ट्रेंड ऑर्गेनाइजेशन के विनय कुमार बघेल ने किसानों को दलहन व तिलहन की उपज बढ़ाने से संबंधित व्यावहारिक जानकारियां प्रदान कीं।कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ. प्रदीप कुजूर एवं शिव कुमार भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र का धन्यवाद ज्ञापन धान–परती प्रणाली के अंतर्गत परियोजना के अनुसंधान सहायक मनीष कुमार सिंह के द्वारा किया गया।

## पीएम जनमन आवास के हितग्राहियों के लिए लगाई गई प्रगति चौपाल



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जिला के सुदूर पहाड़ी क्षेत्र ग्राम पंचायत करादरी के पहाड़ी कोरवा बस्ती कदोपानी में पीएम जनमन आवास के हितग्राहियो का प्रगति चौपाल लगाया गया। चौपाल में 26 जनमन हितग्राहियों का हितग्राही वार प्रगति एवं आवश्यक मूलभूत सुविधाओं हेतु जानकारी लिया गया और समय सीमा स्वीकृत समस्त आवासों को पूर्ण करने लिए निर्देशित किया गया। उक्त प्रगति सभा में जिले एवं जनपद पंचायत स्तर के अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव, सरपंच, वार्ड पंच, समाज प्रमुख,स्थानीय मैटेरियल सप्लायर, रोजगार सहायक, आवास मित्र उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में आचार्यों ने कराए विविध संस्कार

**वाड्रफनगर।** गायत्री परिवार द्वारा 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ 23 नवंबर को भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। शांतिकुंज हरिद्वार के विद्वान आचार्यों ने यज्ञ एवं विविध वैदिक संस्कारों का संचालन किया। महायज्ञ में आचार्यों द्वारा 105 का विद्यारम्भ, 5 का अन्नप्राशन, 5 मुण्डन, 5 की दीक्षा, 4 यज्ञोपवीत संस्कार तथा एक विवाह संस्कार को सम्पन्न कराया। सभी संस्कार निःशुल्क कराए गए। इस दौरान विधायक श्रीमती शकुन्तला सिंह, पूर्व मंत्री डॉ.प्रेमसाय, जनपद अध्यक्ष तथा नगर पंचायत अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### पीजी कॉलेज में मनाया गया एनसीसी दिवस



**अम्बिकापुर।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनसीसी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कैडेट्स ने जागरूकता रैली निकाली। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.अनिल सिन्हा ने एनसीसी ध्वज का आरोहण किया जिसके बाद एनसीसी कैडेट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से देशभक्ति का संदेश दिया। अंत में महाविद्यालय के 15 कैडेट्स ने रक्तदान किया। प्राचार्य डॉ.अनिल कुमार सिन्हा ने कहा कि एनसीसी की स्थापना का उद्देश्य सेना को सहयोग प्रदान करना है जिससे आवश्यकता पड़ने पर देश सेवा में एनसीसी कैडेट्स अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर सकें। एनसीसी अधिकारी ने वार्षिक प्रतिवेदन का पाठन कर एनसीसी कैडेट्स के वर्ष भर की उपलब्धियों को बताया। इस दौरान महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### डीएवी में मनाया गया संविधान दिवस विविध कार्यक्रम हुए आयोजित



**बिश्रामपुर।** नगर में संचालित डीएवी पब्लिक स्कूल में संविधान दिवस के अवसर पर प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में भव्य समारोह का आयोजन किया गया,इस अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को भारत के संविधान की जानकारी दी गई,कार्यक्रम में सर्वप्रथम संविधान निर्माण पर आधारित नाटक की रोचक प्रस्तुति कक्षा ग्यारहवीं कला संकाय के छात्र-छात्राओं द्वारा की गई,इसके पश्चात संविधान की उद्देशिका का वाचन कर संविधान में प्रावधानित अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी दी गई,विद्यालय की राजनीति विज्ञान की शिक्षिका वनिता सिन्हा ने संविधान निर्माण की प्रक्रिया और संविधान के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किये, कक्षा ग्यारहवी कला संकाय की छात्रा जायना खान के द्वारा संविधान की मूल भावना के प्रति निष्ठा बनाए रखने की शपथ दिलाई गई,विद्यालय प्राचार्या अनामिका भारती ने संविधान दिवस के 75 वीं वर्षगांठ पर अपने उद्बोधन में कहा कि संविधान ने हमें अधिकार के साथ कर्तव्य भी दिए हैं और दोनों के मध्य अनन्य संबंध है,अतः हमें अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी से एवं पूर्ण तत्परता से करनी चाहिए,उन्होंने संविधान निर्माण में संविधान निर्माता डॉ.भीमराव आंबेडकर के योगदान का उल्लेख भी किया,संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के सभी अध्यापक-अध्यापिकाएं और कर्मचारी उपस्थित रहे,कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षक विमान घोष के द्वारा किया गया।

### शौच गए युवक की बाइक ले उड़े चोर, अपराध दर्ज

अम्बिकापुर। शौच करने गए युवक की बाइक को चोरों ने पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम मलगंवा निवासी संजय यादव आ. चलितर यादव (23 वर्ष) शहर के कुंडला सिटी स्थित दुकान में काम करता है। 22 नवम्बर की रात काम के सिलसिले में नवागढ़ जा रहा था। इसी दोरा नवागढ़ तालाब के समीप शौच लगने पर तालाब किनारे बाइक को खड़ा कर चला गया। कुछ समय बाद वापस लौटा तो देखा बाइक गायब थी।

### नीट की मुफ्त आवासीय कोचिंग के लिए आवेदन 5 दिसंबर तक

बिश्रामपुर। एसईसीएल के सुश्रुत के तहत एसईसीएल द्वारा नीट की मुफ्त आवासीय कोचिंग के लिए पहल शुरू की गई है, जिसके तहत छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के कुछ जिलों के मेधावी छात्रों को मुफ्त कोचिंग दी जाती है,इसी के अतंर्गत सूरजपुर जिले के बिश्रामपुर व भटगांव के डीएवी पब्लिक स्कूल में इस मुफ्त आवासीय कोचिंग का संचालन किया जाएगा,जिससे कि कोयलांचल क्षेत्र के मेधावी छात्रों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्रदान किया जा सके,एसईसीएल के सुश्रुत 2025 मुफ्त आवासीय कोचिंग में प्रवेश पाने के लिए विज्ञान संकाय से 12 वीं में अध्ययनरत या 12वीं पास कर चुके विद्यार्थियों को अधिकारिक वेबसाइट पर 5 दिसंबर तक आवेदन करना होगा।

# एसआईआर का फार्म भरना बीएलओ के लिए भी बना चुनौतीपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया अब चुनौती बनती जा रही है। घर घर जाकर लोगों के एसआईआर फार्म भरना बीएलओ के लिए भी चुनौतीपूर्ण हो गया है और व्यवहारिक रूप से यह संभव भी नहीं नहीं है। ऐसे में बीएलओ अब एक स्थान पर बैठकर लोगों एक फार्म जमा करने और ऑनलाइन अपडेट करने का काम कर रहे है। हालांकि इस प्रक्रिया ने मतदाताओं की परेशानी बढ़ा दी है।

बता दें कि वोटर लिस्ट के शुद्धिकरण हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया प्रदेशभर में शुरू की गई है। एसआईआर की प्रक्रिया 4 नवंबर से 4 दिसम्बर तक की जानी है। एसआईआर के तहत गणना पत्रक भरने की जिम्मेदारी बीएलओ को दी गई है। निर्वाचन आयोग का स्पष्ट निर्देश है कि बीएलओ घर घर जाकर लोगों को गणना पत्रक प्रदान करने के साथ ही फार्म भरने में सहयोग करेंगे। बीएलओ को अपने बूथ के सभी घरों में कम से कम तीन बार जाना अनिवार्य है लेकिन वास्तविकता में ऐसा होता नजर नहीं आ रहा है। बीएलओ द्वारा सभी घरों में फार्म का वितरण नहीं किया गया है। ज्यादातर लोग स्वयं ही बीएलओ को खोज कर अपना फार्म लेने के साथ ही भरकर जमा करने का काम कर रहे है। एसआईआर में आ रही परेशानियों को लेकर हरिभूमि ने गुरुवार को स्वयं वार्डों में जाकर प्रक्रियाओं का जायजा लिया। इस दौरान गोधनपुर वार्ड में बीएलओ श्रीमती शोभा सिन्हा भी स्वयं भी फार्म भरती हुई नजर आई। बातचीत में बीएलओ श्रीमती सिन्हा ने बताया कि उनके भाग संख्या 49 में कुल 1273 फ़ार्म है जिसमें से 1083 का वितरण किया जा चुका है और इनमें से 860 फार्म जमा होने के साथ ही उनका ऑन लाइन जमा करने का काम भी हो चुका है। बीएलओ का कहना है कि एक एक घर जाकर फार्म देना और फिर भरकर जमा करना कड़ी चुनौती है और इस काम के लिए एक महीने का समय काफी कम है। इसके साथ ही कई घरों में ताला लगा हुआ है लोग शादी विवाद या घूमने फिरने गए हुए है। इसलिए वार्ड में एक स्थान पर बैठकर लोगों के फार्म भरवाए जा रहे है ताकि लोगों को भी सहूलियत हो सके। इस दौरान वार्ड पार्षद, राजनैतिक दलों से जुड़े लोग भी बीएलओ की मदद कर रहे है। गोधनपुर में वार्ड पार्षद शिव मंगल सिंह के साथ ही जफर खान, गुरुचरण सैनी, अश्विनी गुप्ता, अविनाश गुप्ता आदि मौजूद थे।

**घर-घर जाना संभव नहीं, समय कम इस लिए एक स्थान पर बैठकर भरवा रहे गणना पत्रक**

**कई लोगों को नहीं मिला गणना प्रपत्र**

एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान लोगों की सबसे बड़ी परेशानी यह है कि फॉर्म कैसे भरना है उन्हें समझ ही नहीं आ रहा है। फार्म भरना काफी जटिल और चुनौतीपूर्ण हो गया है। बीएलओ के घर घर जाकर सहयोग नहीं करने से यह समस्या और भी बढ़ गई है। 2003 की सूची में लोगों के नाम नहीं मिल रहे है। इधर प्रशासन की ओर से भी प्रचार प्रसार पर्याप्त रूप से नहीं किया जा रहा है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि वर्ष 2025 के वोटर लिस्ट में कई लोगों का नाम है लेकिन उनके गणना पत्रक गायब है या मिल नहीं रहे है। बीएलओ ने भी फार्म को पार्षद या पंच को सौंप दिया है जिससे भी यह स्थिति उत्पन्न हो रही है।



## 5 दिनों तक चलेगी प्रदर्शनी

# नवीन कानून पर लगाई प्रदर्शनी का जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

बदलते समय के साथ न्यायिक प्रणाली में तेजी लाने और जनता को नए आपराधिक कानूनों की जानकारी देने के उद्देश्य से सूरजपुर पुलिस द्वारा सिटी कोतवाली परिसर में जागरूकता प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन जिला एवं सत्र न्यायाधीश सूरजपुर श्रीमती विनीता वार्नर द्वारा किया गया। नए कानूनों की इस प्रदर्शनी में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद प्रकाश वारियाल, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश मानवेन्द्र सिंह, द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुमित कुमार हर्षमाना, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कु. पायल टोपनो, कलेक्टर एस.जयवर्धन ने तीन नवीन कानूनों बीएनएस, बीएनएनएस, बीएसए की प्रर्दशनी का सूक्ष्मता से अवलोकन किया।

**खास बात**

- नुक्कड़ नाटक और कार्यशालाओं के माध्यम से देंगे जानकारी

डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने आमजनता को आसानी से नए कानूनों की जानकारी दिखाकर और समझाने के लिए की बेहतर प्रबंधन किया है। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने बताया कि नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में आम जनता को जागरूक करने के लिए प्रदर्शनियां लगाई हैं। इन प्रदर्शनियों का उद्देश्य नए कानूनों के प्रावधानों को समझाना, न्यायिक प्रणाली में होने वाले बदलावों पर प्रकाश डालना और पुलिस और जनता के बीच संवाद को मजबूत करना है। यह 5 दिवसीय प्रदर्शनी है जिसका समापन 30 नवम्बर को होगा। प्रदर्शनियों में नुक्कड़ नाटक और कार्यशालाओं के माध्यम से जानकारी दी जायेगी। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, एसडीओपी सूरजपुर अभिषेक पैंकरा, थाना प्रभारी अजाक मनी प्रसाद राजवाड़े, यातायात प्रभारी बृजकिशोर पाण्डेय, साइबर सेल प्रभारी राकेश यादव सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।




प्रदर्शनी का निरीक्षण करते न्यायाधीश एवं एसएसपी।

**कैबिनेट मंत्रियों ने किया प्रदर्शनी का निरीक्षण**

नए आपराधिक कानूनों के प्रावधानों एवं बदलाव को लेकर सूरजपुर पुलिस द्वारा लगाई गई प्रदर्शन में प्रदेश के मंत्री व जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण सिंहदेव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, विधायक प्रेमनगर भूलन सिंह मरावी ने जायजा लिया और नवीन कानूनों, महिला और बाल संरक्षण, शून्य एफआईआर, ई-एफआईआर और प्रौद्योगिकी के उपयोग जैसे महत्वपूर्ण प्रावधानों के बारे में आकर्षक डिस्प्ले के माध्यम से जानकारी देने पर प्रशंसा की। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि नवीन आपराधिक कानून न्याय प्रणाली को तेज, सरल और जनहितकारी बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नए कानून दंड से न्याय की ओर की अवधारणा को मजबूत करते हैं और न्यायिक प्रक्रिया में मील का पत्थर साबित होंगे। कृषि मंत्री श्री नेताम ने कहा कि नए प्रावधान महिलाओं और बच्चों को अधिक सुरक्षा प्रदान करते हैं। प्रदेश अध्यक्ष श्री सिंहदेव ने कहा कि नए कानून मजबूत पुलिसिंग के लिए जरूरी है, नए कानून में हुए बदलाव न्यायिक प्रक्रिया में सकारात्मक प्रभाव दिखा रहे हैं। डीआईजी व एसएसपी श्री ठाकुर ने बताया कि इस प्रदर्शनी में छात्रों, कानूनी पेशेवरों, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों एवं आमजनता को नए कानूनों के बारे में जानकारी दी जायेगी। इस अवसर पर कलेक्टर एस. जयवर्धन, भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य छत्तीसगढ़ भीमसेन अग्रवाल, बाबुलाल अग्रवाल, ठाकुर प्रसाद राजवाड़े, जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्वाती संत सिंह, नपा उपाध्यक्ष शैलेश अग्रवाल, शशिकांत गर्ग, दीपक गुप्ता, संजू सोनी, अजय अग्रवाल, अरविन्द मिश्रा, लक्ष्मण कसेरा सहित अन्य गणमान्य नागरिकगण मौजूद रहे।



# किसानों ने भूमि सत्यापन एवं पंजीयन संबंधी अड़चनों को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

किसानों ने भूमि सत्यापन एवं पंजीयन में आ रही अड़चनों के विरोध में आज गांधी चौक के समीप विरोध प्रदर्शन किया। प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश पर 30 नवम्बर तक रकबा सुधार नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

विरोध प्रदर्शन कर रहे किसानों ने बताया कि गिरदावरी ओर पंजीयन में भारी गड़बड़ी हुई है। पहले जहां उनका पूर्ण रकबा दर्ज था, वहीं इस बार सिस्टम में रकबा कम दिखाया गया, जिससे धान खरीदी का लक्ष्य अचानक घट गया। किसानों का आरोप है कि जमीन वही है, लेकिन सिस्टम में रकबा कम दिखाकर सीधा नुकसान किया जा रहा है। तकनीकी खराबी के कारण रजिस्ट्रेशन की अनिवार्य प्रक्रियाएं डीएससी और आरसी सत्यापन बार-बार फेल हो रही हैं। पोर्टल में तकनीकी गड़बड़ी के कारण लंबे समय से अटका हुआ है जिससे अब सोसायटी और तहसील के चक्कर में फंसे है। किसानों ने बताया कि सोसायटी उन्हें तहसील भेज रही है और तहसील उन्हें वापस सोसायटी भेज रही है। इस चक्कर में किसानों का समय, पैसा और मेहनत बर्बाद हो रहा है। रकबा कम दर्ज होने और पंजीयन त्रुटियों के कारण किसान समस्याओं को लेकर परेशान थे। इसको लेकर के आज गांधी चौक के पास किस चक्का जाम किए जाने हेतु एकत्रित हो रहे थे। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों के समझाइस के बाद किसान संतुष्ट हुए साथ ही रकबा सुधार किए जाने हेतु मात्र 30 नवंबर तक समय दिया है। कई किसानों का एग्री स्टेट सहित अन्य की समस्याएं हैं जिसका निराकरण इतने कम समय पर संभव नहीं है इस समस्या का निराकरण किया जाने हेतु रणविजय सिंह देव ने कहा कि यदि समस्या का समाधान नहीं होता है तो सभी किसान के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

# सड़क पर दुकान लगाने से बिगड़ी साप्ताहिक बाजार की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

साप्ताहिक बाजार में दुकानदारों की मनमानी अव्यवस्था का कारण बन रही है। दुकानदारों द्वारा मनमाने ढंग से दुकान लगाया जा रहा है जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। आलम यह है कि मार्ग से गुजरने वाले एंबुलेंस को भी खासी परेशानियों का सापना करना पड़ रहा है। साप्ताहिक बाजार के दौरान सड़क पर लगने वाले जाम से निपटने नगर पंचायत द्वारा कई बार व्यापारियों को सड़क पर दुकान न लगाने की हिदायत दी गई लेकिन व्यापारियों पर इसका कोई असर नहीं पड़ रहा है।

- आम नागरिकों को करना पड़ रहा परेशानियों का सामना, नपं के निर्देश का भी नहीं हुआ असर

विदित हो कि बुधवार को नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 10 में दशकों से साप्ताहिक बाजार का संचालन किया जा रहा है। समय के साथ व्यापारियों के बढ़ते तादाद के साथ बाजार का दायरा बढ़ता चला गया और जगह छोटी पड़ने लगी जिसकी वजह से व्यापारी अपनी दुकान सड़कों पर लगाने लगे। सड़क पर दुकान लगने की वजह से साप्ताहिक बाजार का यातायात व्यवस्था प्रभावित हो गई और सड़क पर जाम लगने लगा। सड़क जाम की वजह से बच्चों से भरी स्कूली बस एवं मरीजों को ले जाने वाली एम्बुलेंस सेवा को जाम से निपटने में भारी मशक्कत करनी पड़ती है इसके अलावा सड़क पर आने जाने वाले भारी वाहनों की वजह से दुर्घटना की संभावना भी बनी रहती है। सड़क पर लगने वाली दुकानों की वजह से साप्ताहिक बाजार की हालत बिगड़ती देख तात्कालिक एसडीएम ने कड़ा रुख अपनाया था। उन्होंने सड़क को जाम से लोगों को मुक्ति दिलाने नगर पंचायत के सहयोग से अभियान चलाया था। इस अभियान के दौरान सड़क पर लगने वाली दुकानों को वहाँ से हटाकर खाली जगहों पर विस्थापित किया गया था। जिसकी वजह से सड़क पर लगने वाली जाम की समस्या दूर हो गई थी। लेकिन एसडीएम के जाते ही नगर पंचायत ढीला पड़ गया और व्यापारी फिर से सड़क पर उतर आए और वहां अपनी दुकान लगानी शुरू कर दी।



जिसके बाद साप्ताहिक बाजार की यातायात व्यवस्था फिरु से पहले जैसी हो गई और सड़क पर जाम लगने लगा। नगर पंचायत ने कई बार सूचना के माध्यम से व्यापारियों को हिदायत देते हुए सड़क पर दुकान लगाने से मना किया लेकिन व्यापारी आदत में सुधार नहीं ला रहे है। साप्ताहिक बाजार में व्यापारियों की इस मनमानी का खामियाजा लोगों को सड़क जाम के रूप में भुगतना पड़ रहा है। इस जाम की वजह से हालात तब ज्यादा खराब हो जाते जब किसी को इमरजेंसी सेवा की जरूरत पड़ती है। सड़क पर लगने वाली दुकान की वजह से यातायात व्यवस्था प्रभावित होता देख लोगों ने इससे निजात दिलाने की मांग की है। लोगों ने साप्ताहिक बाजार के दिन सड़क पर लगने वाली दुकानों को खाली जगहों पर विस्थापित कराने की मांग की हैताकि सड़क की यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो सके और आवागमन सुचारू रूप से बहाल हो सके।

इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेमदान कुजूर ने बताया कि कई बार सूचना प्रसारित करते हुए व्यापारियों को सड़क पर दुकान नही लगाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद भी व्यापारी निर्देशों का पालन नहीं कर रहे है। जिसे देखते हुए भविष्य में इनसे कड़ाई से निपटा जायेगा।

# कीटनाशक पीने से गंभीर दो लोगों की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कीटनाशक पीने की अलग अलग घटनाओं में दो लोगों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार सन्ना थाना अंतर्गत ग्राम उकई निवासी बालकी बाई नगेसिया पति जगमोहन राम (73 वर्ष) 24 नवम्बर को घर में अकेली थी जबकि परिवार के लोग खेत में धान कटाई करने गए थे। परिजन घर लौटे तो देखा बालकी उल्टी कर रही थी। कीटनाशक की गंध आने पर परिजन उसे सन्ना अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने वृद्धा की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। दूसरी घटना में लखनपुर थाना अंतर्गत बेलदगी निवासी उमेश्वर सिंह पैकरा आ. शिव प्रसाद पैकरा (38 वर्ष) 25 नवम्बर की रात भोजन कर पत्नी के साथ सोया था। कुछ समय बाद बाहर निकल कर खाट पर सो गया।

इधर काफी देर तक पति कमरे में नहीं आया तो पत्नी बाहर निकली तो खाट के समीप कीटनाशक का डिब्बा देख घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन युवक को तत्काल लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम किया है।

# निर्वाचित वरिष्ठ अधिवक्ता गोयल का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

छत्तीसगढ़ राज्य बार काउंसिल चुनाव के सितंबर में हुए मतदान में 105 अभ्यर्थियों में कुल 25 अधिवक्ता अभ्यर्थी को निर्वाचित होना था जिसमे सूरजपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल गोयल निर्वाचित हुए। आज जिला अधिवक्ता संघ द्वारा अधिवक्ता कक्ष में सभी न्यायाधीश एवं अधिवक्ताओं की उपस्थिति में श्री गोयल को साल श्रीफल से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बलराम शर्मा ने कहा की श्री गोयल के स्टेट बार काउंसिल का सदस्य बनने से अधिवक्ता संघ गौरवान्वित है और जिले को यह सौभाग्य पहली बार प्राप्त हुआ है। उन्होंने उपस्थित न्यायाधीश को सहयोग हेतु सराहना की तथा चुनाव अधिकारी सुमित कुमार हसियाना के प्रति आभार प्रकट किया। जिला एवं प्रधान न्यायाधीश श्रीमती विनिता वार्नर ने बताया की श्री गोयल की जीत के प्रति आशान्वित थी और उन्होने प्रारम्भ मे ही कहा था की श्री गोयल अवश्य विजयी होंगे। उन्होने यह भी कहा की श्री गोयल के स्टेट बार सदस्य बनने पर जिला अधिवक्ता संघ को अनेको लाभ प्राप्त होंगे तथा कनिष्ठ अधिवक्ताओ को मार्गदर्शन प्राप्त होगा। इस अवसर पर निर्वाचित अनिल कुमार गोयल ने अपने उद्बोधन में जिला अधिवक्ता संघ के सभी सदस्यों द्वारा एकजुट होकर चुनाव प्रचार करने तथा उन्हे सहयोग देने हेतु उनका आभार प्रकट किया और कहा की यह जीत उनकी जीत नहीं है बल्कि संघ के सभी सदस्यों की जीत है। श्री गोयल ने आश्वस्त किया की जिला अधिवक्ता संघ के सदस्यों की समस्याओं के निराकरण हेतु सदैव प्रयत्नशील रहेंगे और सूरजपुर की आवाज स्टेट बार मे उठायेंगे। उक्त जानकारी जिला अधिवक्ता संघ के सचिव राजेश गोयल द्वारा दी गई है।



# लिंग आधारित हिंसा समाप्ति को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज : अम्बिकापुर

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लिंग आधारित हिंसा समाप्ति हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी जेआर प्रधान के मार्गदर्शन में महिला सशक्तिकरण केंद्र, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा रजमेरू संस्था द्वारा लिंग आधारित हिंसा समाप्ति हेतु 16 दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बुधवार को शासकीय उमावि नवानगर व हाई स्कूल रकेली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लिंग भेद व डिजिटल हिंसा के विरुद्ध महिलाओं और लड़कियों को उनके अधिकारों और अवसरों से वंचित न करके हिंसा मुक्त समाज बनाने हेतु विस्तृत जानकारी दी गयी। बाल अधिकार एवं सामाजिक भेदभाव सकारात्मक और नकारात्मक दोनों पक्षों की चर्चा की गयी। बालिकाओं को वीरांगनाओं से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने के विषय में चर्चा की गयी साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत बालिकाओं में लैंगिक समानता, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह, सखी वन स्टॉप सेंटर, संवेदनशीलता, साइबर सुरक्षा, आपातकालीन नंबरों जैसे 181, 1098, 1930, सुकन्या समृद्धि योजना, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, पॉक्सो एक्ट आदि विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान मिशन शक्ति हब से नीलमणि एक्वा, नेहा सिंह, आईसीपीएस से सुमंती खाखा, यूनिसेफ से उमा पांडे, अनमोल फाउंडेशन से संजय शर्मा तथा रजमेरू से राकेश तिवारी, दीपांकर रॉय एवं स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक–शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



विद्यार्थियों को जानकारी देते अधिकारी।



# नवाजुद्दीन सिद्दीकी की 'रात अकेली है 2' का टीजर जारी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी की हिट क्राइम-थ्रिलर फिल्म 'रात अकेली है' अपने सीक्वल के साथ लोगों का मनोरंजन करने के लिए लौट रही है। इस बार अभिनेता को बंसल हत्याकांड मामला सुलझाते हुए देखा जाएगा। इस वजह से फिल्म का नाम 'रात अकेली हैः द बंसल मर्डर्स' रखा गया है। निर्माताओं ने ज्यादा इंतजार न करवाते हुए सीक्वल किस्त का टीजर जारी कर दिया है। फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर गोवा में 56वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में किया जाएगा। निर्माताओं ने 'रात अकेली हैः द बंसल मर्डर्स' का टीजर जारी करते हुए लिखा, 'इंस्पेक्टर जटिल का रात के अंधेरे से पुराना रिश्ता है।

## लाइफ Style



# कृति

## पहले भी इन फिल्मों से जीत चुकी हैं जनता का दिल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री कृति सैनन बॉलीवुड की उन बेहतरीन अभिनेत्रियों में से हैं, जिन्होंने कई सुपरस्टार के साथ स्क्रीन साझा की है। फिलहाल वह अपनी फिल्म 'तेरे इश्क में' को लेकर लोगों का ध्यान खींच रही हैं जिसमें उनके साथ सुपरस्टार धनुष हैं।

फिल्म में कृति ऐसी रोमांटिक लड़की का किरदार निभा रही हैं, जो उनके जुनून और आक्रामक प्यार को दर्शाता है। हालांकि, पहले भी उन्होंने फिल्मी पर्दे पर अपनी रोमांटिक फिल्मों के जरिए दर्शकों का फुल मनोरंजन किया है। अभिनेता शाहिद कपूर के साथ कृति की रोमांटिक फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' पिछले साल 2024 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में कृति को पहली बार एक महिला रोबोट का किरदार निभाते हुए देखा गया था, जो इंसानी ख्वाहिशों को जानने और समझने में माहिर थी। फिल्म में शाहिद और कृति की जोड़ी दर्शकों को बेहद पसंद आई थी। इसके गाने भी लोगों का दिल जीतने में कामयाब हुए थे। फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद है। अभिनेता कार्तिक आर्यन के साथ कृति की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'लुका छिपी' 2019 में रिलीज हुई थी। फिल्म की कहानी लिविंग रिलेशनशिप पर आधारित है। इसके जरिए निर्माताओं ने इस संवेदनशील सामाजिक मुद्दे को उठाने की कोशिश की थी। कृति और कार्तिक की केमिस्ट्री ने दर्शकों का दिल जीत लिया था। फिल्म में अपारशक्ति खुराना, पंकज त्रिपाठी, विनय पाठक और अल्का अमीन जैसे कलाकार भी शामिल थे।

## हॉलीवुड मसाला



# ओटीटी पर धूम मच गई...

**लॉस एंजिल्स।** चर्चित वेब सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' आखिरकार अपने 5वें सीजन के साथ नेटफ्लिक्स पर आ चुकी है। 3 साल के लंबे इंतजार के बाद जैसे ही सीरीज ने भारत में दस्तक दी तो ओटीटी पर धूम मच गई। निर्माताओं ने 'स्ट्रेंजर थिंग्स सीजन 5' के पहले 4 एपिसोड प्रसारित किए हैं, जिन्हें देखने के बाद जनता ने सोशल मीडिया के जरिए अपना फैसला सुना दिया है। आइए जानते हैं कि लोगों को 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' कैसी लग रही है।



# शेयर की प्यारी सेल्फी; फैंस ने लुटाया 'वाराणसी' एक्ट्रेस पर प्यार

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा पिछले कुछ समय से हैदराबाद में एसएस राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' की शूटिंग कर रही थीं। अब वह अपने लॉस एंजिल्स वाले घर लौट गई हैं, जहां वह अपनी बेटी मालती मैरी और पति निक जोनस के साथ रहती हैं। प्रियंका अपने लॉस एंजिल्स वाले घर वापस लौट चुकी हैं। घर से उन्होंने अपनी एक प्यारी सेल्फी शेयर की है, जिसमें वह अपने घर की छत पर खड़ी नजर आ रही हैं। इस सेल्फी में प्रियंका कैजुअल कपड़ों में हैं और हाथ से '**V**' (विक्ट्री) का निशान बनाती नजर आ रही हैं। इस सेल्फी के साथ प्रियंका ने लिखा – 'घर'। इसके साथ ही उन्होंने लाल दिल वाला इमोजी भी बनाया। प्रियंका की यह सेल्फी उनके फैंस को बेहद प्यारी लग रही हैं। हाल ही में प्रियंका एक डॉक्यूमेंट्री '**Born Hungry**' की निर्मात्री बनी हैं। इसमें एक बच्चे सैश की कहानी है, जिसे बचपन में बहुत तकलीफे झेलनी पड़ीं।



# 'नागिन-7' का प्रोमो व रिलीज तारीख जारी

**मुंबई।** 'टीवी की क्वीन' कही जाने वालीं एकता कपूर अपने सुपरनैचुरल शो 'नागिन 7' को लेकर काफी समय से चर्चा में थीं। कुछ दिन पहले उन्होंने अपनी नई नागिन का खुलासा किया था। अभिनेत्री प्रियंका चाहर चौधरी 'नागिन 7' में मुख्य किरदार निभाती हुई नजर आएंगी। अब निर्माताओं ने शो का नया प्रोमो जारी करते हुए इसकी रिलीज तारीख से भी पर्दा उठा दिया है। प्रोमो देखने के बाद लोगों ने प्रतिक्रिया दी है।

'नागिन 7' के प्रोमो ने आते ही सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। दिलचस्प बात ये है कि प्रियंका के साथ, आगामी सीजन में ईशा सिंह और करण कुंद्रा भी अहम किरदार में नजर आएंगे। प्रोमो देखने के बाद एक यूजर ने लिखा, 'मैं प्रियंका के नागिन के किरदार को लेकर उत्साहित हूं।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'बहुत-बधाई हो प्रियंका चौधरी।'



# सलमान की 'बैटल ऑफ...' का बड़ा सौदा...

**मुंबई।**सलमान खान की पिछली रिलीज फिल्म 'सिकंदर' बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल न दिखा सकी। यही वजह है कि लोग उनकी आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' से उम्मीदें लगाए बैठे हैं। आमिर खान की फिल्म 'लगान' से निर्देशन की दुनिया में कदम रखने वाले अपूर्व लाखिया, सलमान के साथ इस फिल्म को पर्दे पर लाने की तैयारी कर रहे हैं। इस बीच पता चला है कि 'बैटल ऑफ गलवान' ने रिलीज से पहले बड़ा सौदा कर लिया है। बॉक्स ऑफिस वर्ल्डवाइड की रिपोर्ट के मुताबिक, जियो स्टूडियोज ने 'बैटल ऑफ गलवान' को 325 करोड़ रुपये की भारी कीमत के साथ खरीद लिया है। फिल्म का संगीत अधिकार, सैटेलाइट अधिकार, डिजिटल स्ट्रीमिंग अधिकार और नाटकीय वितरण अधिकार अब जियो स्टूडियोज के पास होगा।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस 19: बचे हुए कंटेस्टेंट्स में सबसे अमीर कौन...?

**मुंबई।** बिग बॉस 19 में सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर तान्या मित्तल का नाम खूब चर्चा में है। उनके इंस्टाग्राम पर 3.9 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं। तान्या की आय का सबसे बड़ा स्रोत ब्रांड एंडोर्समेंट है।

रिपोर्ट्स के अनुसार उनकी अनुमानित संपत्ति 12 से 15 करोड़ रुपये के बीच है। इस वजह से वह शो में मौजूद कई अन्य प्रतिभागियों से अधिक संपत्ति रखती हैं। पिछले रविवार को कुनिका सदानंद शो से बाहर हो गईं। इसके बाद खबरें हैं कि मालती चाहर भी जल्द ही बाहर हो सकती हैं। ऐसे में शो में अब जो टॉप 7 कंटेस्टेंट्स बचे हैं, उनमें तान्या मित्तल के साथ गौरव खन्ना, अमाल मलिक, प्रणित मोरे, अशनूर कौर, फरहाना भट्ट और शहबाज बदेशा शामिल हैं।

### तान्या से अमीर कौन?

इन सात प्रतिभागियों में से केवल गौरव खन्ना और अमाल मलिक ही तान्या से अधिक संपत्ति रखते हैं। बाकी चार कंटेस्टेंट्स की तुलना में तान्या की नेटवर्थ अधिक है। शो में बचे हुए प्रतिभागियों में सबसे अमीर शख्स हैं सिंगर और कंपोजर अमाल मलिक। उनकी अनुमानित संपत्ति 25 से 30 करोड़ रुपये है। अमाल की कमाई का स्रोत संगीत, सिंगल्स, सोशल मीडिया और स्टेज शो हैं। उनकी लोकप्रियता और काम का दायरा उन्हें शो का सबसे अमीर प्रतिभागी बनाता है।

### गौरव खन्ना की संपत्ति

टीवी शो 'अनुपमा' से मशहूर हुए अभिनेता गौरव खन्ना भी शो के अमीर कंटेस्टेंट्स में शामिल हैं। वे मुख्य रूप से टीवी सीरियल्स, ब्रांड डील्स और सोशल मीडिया से कमाते हैं। उनकी नेटवर्थ लगभग 15 से 18 करोड़ रुपये बताई जाती है।

### शहबाज बदेशा और अशनूर कौर की कमाई

पंजाबी सिंगर शहबाज बदेशा की संपत्ति करीब 7 से 10 करोड़ रुपये है। वे पंजाबी म्यूजिक प्रोजेक्ट्स और सोशल मीडिया कोलैबोरेशन से अपनी आय अर्जित करते हैं। वहीं, टीवी की जानी-मानी अभिनेत्री अशनूर कौर, जिन्होंने 'पटियाला बेब्स' जैसे सीरियल में काम किया है, की संपत्ति लगभग 4 से 5 करोड़ रुपये है। उनकी कमाई का स्रोत टीवी शो, ब्रांड डील्स और सोशल मीडिया है।

### प्रणित मोरे और फरहाना भट्ट की नेटवर्थ

स्टैंड-अप कॉमेडियन और डिजिटल कंटेंट क्रिएटर प्रणित मोरे की संपत्ति लगभग 4 से 8 करोड़ रुपये है। वे मुख्य रूप से **YouTube** और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से कमाते हैं। मौजूदा कंटेस्टेंट्स में सबसे कम संपत्ति फरहाना भट्ट के पास है। उनकी अनुमानित नेटवर्थ 1.5 से 3 करोड़ रुपये है। फरहाना की कमाई का स्रोत एक्टिंग, ब्रांड डील्स और सोशल मीडिया है।

# 'तू मेरी मैं तेरा...' के टाइटल ट्रैक पर नचाने आ रहे



**मुंबई।** कार्तिक आर्यन पिछले कुछ साल में युवा पीढ़ी के पसंदीदा अभिनेताओं में से एक बन चुके हैं। 'भूल भुलैया' जैसी कॉमेडी-हॉरर फ्रेंचाइजी ने उनकी लोकप्रियता में खूब इजाफा किया। अब कार्तिक अपनी आगामी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' के जरिए लोगों का मनोरंजन करने आ रहे हैं। इसमें उनका साथ अभिनेत्री अनन्या पांडे देंगी। हाल ही में निर्माताओं ने इस फिल्म का टीजर जारी किया था और अब फिल्म के टाइटल ट्रैक पर अपडेट दिया है।

***फिल्म के पहले गाने पर आ गया अपडेट :*** कार्तिक ने आगामी फिल्म के टाइटल ट्रैक, जिसका नाम भी 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' ही है, से जुड़ी जानकारी साझा कर दी है। उन्होंने गाने की एक झलक दिखाते हुए लिखा, 'हुकस्टेप सीखना करना शुरू कर दो दोस्तों, आ रहा है! कल रिलीज!' गाना तो 28 नवंबर को रिलीज होगा, लेकिन इसके टीजर ने अभी से लोगों को उत्साहित कर दिया है। कार्तिक और अनन्या की यह फिल्म 25 दिसंबर को रिलीज हो रही है।

# बॉक्स ऑफिस पर बेदम निकली 'मस्ती 4', इन चर्चित कॉमेडी फिल्मों के सीक्वल भी हुए फेल

**मुंबई।** बीते 21 नबंर को फिल्म 'मस्ती 4' सिनेमाघरों में आई थी। इस एडल्ट कॉमेडी फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था, लेकिन इसने दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों को भी निराश कर दिया। रितेश देशमुख, आफताब और विवेक ओबेरॉय की तिकड़ी को तारीफों के बजाय लोगों से खरी-खोटी सुनने को मिली। 50 करोड़ के बजट में बनी ये फिल्म महज 12 करोड़ रुपये कमा पाई है। आइए उन शानदार कॉमेडी फिल्मों के बारे में जानें, जिनके सीक्वल नहीं चले।

### 'सन ऑफ सरदार 2'

अजय देवगन और मृणाल ठाकुर की फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक थी, लेकिन रिलीज के बाद फिल्म उम्मीदों पर खरी नहीं उतर सकी। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी। हीरो का स्टारडम भी इसे फ्लॉप होने से नहीं बचा पाया। 150 करोड़ रुपये के बजट में बनी ये फिल्म बस 60 करोड़ रुपये जुटा पाई, जबकि 'सन ऑफ सरदार' ने 30 करोड़ रुपये के बजट में 161 करोड़ रुपये कमाए थे।



### 'वेलकम बैक'

'वेलकम बैक' 2007 में आई हिट कॉमेडी 'वेलकम' का सीक्वल थी। 8 साल बाद आए फिल्म के सीक्वल से दर्शकों को बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन फिल्म उनकी कसौटी पर खरी नहीं उतरी। 90 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने 96 करोड़ रुपये कमाए थे। जहां बॉक्स ऑफिस पर इसने औसत प्रदर्शन किया, वहीं समीक्षकों ने भी फिल्म को नकार दिया था। उधर 'वेलकम' ने 32 करोड़ रुपये की लागत में 117 करोड़ रुपये कमाए थे।

### 'डबल धमाल'

*साल 2011 में रिलीज हुई 'डबल धमाल' कॉमेडी फ्रैंचाइजी 'धमाल' का सीक्वल थी। 30 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 44 करोड़ रुपये तो कमाए, पर दर्शकों को ये फिल्म कुछ खास पसंद नहीं आई। उधर संजय दत्त, रितेश देशमुख और अरशद वारसी की धमाल का बजट 17 करोड़ रुपये था और इसने बॉक्स ऑफिस पर 50 करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म को न सिर्फ दर्शकों, बल्कि समीक्षकों ने भी जमकर सराहा था।*

### 'हंगामा 2' और 'बंटी और बबली 2'

*जब 'हंगामा' के बाद इसका सीक्वल 'हंगामा 2' आया तो लोगों ने कहा कि ये क्या बना डाला। फिल्म से शिल्पा शेट्टी की बड़े पर्दे पर वापसी हुई थी, लेकिन दर्शकों ने उन्हें भी नकार दिया। फिल्म जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई थी। उधर अभिषेक बच्चन और रानी मुखर्जी की क्राइम कॉमेडी फिल्म 'बंटी और बबली' के सीक्वल 'बंटी और बबली 2' को 45 करोड़ रुपये के बजट में बनाया गया और ये महज 22 करोड़ रुपये कमा पाई।*

## इस बार कपिल 1 नहीं, बल्कि 4 हीरोइनों के साथ रोमांस करते आएंगे नजर

# दिसंबर में रिलीज होने वाली हैं कई बड़ी फिल्में, पहली वाली पर चर्चा सबसे तेज

**मुंबई।** इस साल 'छावा' से लेकर 'सैयारा' तक गई फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज हुईं और बॉक्स ऑफिस पर जमकर धमाल मचाया, पर 2025 खत्म होने में अभी वक्त है। आने वाले दिनों में यूं तो कई फिल्में आ रही हैं, लेकिन कुछ फिल्में ऐसी हैं, जिन पर सबकी निगाहें टिकी हुई हैं। ये फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कितने नोट छापेंगी, ये तो वक्त ही बताएगा, लेकिन इन्हें लेकर दर्शकों की उत्सकुता चरम पर है।

### 'धुरंधर'

ब्लॉकबस्टर फिल्म उरी के निर्देशक आदित्य धर के निर्देशन में बन रही फिल्म 'धुरंधर' से सभी को बड़ी उम्मीदें हैं। बजट के लिहाज से ये इस फिल्म के हीरो रणवीर सिंह के करियर की सबसे बड़ी फिल्म है। इसका बजट 250 करोड़ रुपये है। 'धुरंधर' में रणवीर एक स्पाई एजेंट बने हैं। सारा अर्जुन, आर माधवन, अर्जुन रामपाल, अक्षय खन्ना और संजय दत्त भी इस फिल्म में अहम भूमिका में हैं। 5 दिसंबर को ये फिल्म रिलीज होने वाली है।



### 'किस किस को प्यार करूं 2'

कपिल शर्मा अपनी फिल्म 'किस किस को करूं' के सीक्वल के साथ बड़े पर्दे पर लौट रहे हैं। उन्होंने फिल्म को मोशन पोस्टर रिलीज कर बताया था कि इस बार दोगुनी मस्ती और चौगुनी हंसी के लिए तैयार रहें। फिल्म में इस बार कपिल 1 नहीं, बल्कि 4 हीरोइनों के साथ रोमांस करते नजर आएंगे। साथ ही कॉमेडी का तड़का लगाने के लिए मनजोत सिद्धू भी अहम किरदार में दिखेंगे। ये फिल्म 12 दिसंबर को सिनेमाघरों में आ रही है।

### 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' और 'अवतारः फायर एंड एश'



महिमा चौधरी और संजय मिश्रा की कॉमेडी फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' 19 दिसंबर को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाएगी।

उधर ब्लॉकबस्टर हॉलीवुड फ्रैंचाइजी 'अवतार' की अगली किस्त 'अवतारः फायर एंड एश' भी इसी दिन सिनेमाघरों में आएगी। जेम्स कैमरून की 'अवतार' फ्रैंचाइजी दुनियाभर में जितनी पसंद की जाती है, उतनी ही दीवानगी इसकी भारत में भी देखने को मिलती है। अब एक बार फिर फैंस शानदार विजुअल्स, नई कहानी और पैंडोरा की दुनिया में वापस जाने को तैयार हैं।

### 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' और 'इक्कीस'

कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' क्रिसमस के मौके पर रिलीज होने जा रही है। 'सत्यप्रेम की कथा' बना चुके समीर विद्वांस की ये फिल्म 25 दिसंबर, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। उधर 25 दिसंबर को ही अमिताभ बच्चन के नातिन अगस्त्य नंदा की फिल्म 'इक्कीस' दर्शकों के बीच आ रही है, जो दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म होगी।



## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ में स्वदेशी संकल्प यात्रा का आगाज़ 1 को पत्थलगांव पहुंचेगी



**पत्थलगांव।** 1 दिसंबर की शाम पत्थलगांव में रायगढ़ से चलकर स्वदेशी संकल्प यात्रा पहुंचेगी जिसके लिए नगर के लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। संकल्प यात्रा संस्कारधानी राजनांदगांव में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने स्वदेशी संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कैट और स्वदेशी जागरण मंच द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित यह यात्रा आगामी 27 नवम्बर से 21 दिसम्बर तक पूरे प्रदेश में भ्रमण करेगी। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी तथा स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक जगदीश पटेल ने बताया कि यात्रा को लेकर पूरे प्रदेश में उत्साह का माहौल है और प्रत्येक जिला इकाई में इसका स्वागत आयोजित किया जाएगा। पारवानी एवं पटेल ने कहा कि यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी के पुनर्जागरण के आह्वान को प्रदेश के प्रत्येक शहर, कस्बे और बाजार तक पहुंचाने का माध्यम है।

### सरसींवा में चेम्बर ऑफ कॉमर्स इकाई विस्तार

**सरसींवा।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के विस्तार के लिए सारंगढ़ के पदाधिकारी सरसींवा पहुचे। जिसमे महेंद्र कुमार केजरीवाल प्रदेश उपाध्यक्ष, नत्थूलाल केडिया सरंक्षक, घनश्याम बंसल जिला उपाध्यक्ष जिसमे व्यवसायी मनीष अग्रवाल को साथ लेकर सरसींवा में नए सदस्य जोड़े गए। चेम्बर ऑफ कॉमर्स में जुड़ने के लिए सरसींवा नगर के व्यापारियों में भी उत्सुकता दिखाई दिया। महज कुछ घण्टो में काफी संख्या में व्यापारी इस संस्था से जुड़े जिसका सारंगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने आभार जताया। इस संस्था में जुड़ने के फायदे भी बताए और ज्यादा से ज्यादा व्यापारियों को इस संस्था से जुड़ने की बात कही। प्रदेश मंत्री दीपक अग्रवाल ने सारंगढ के पदाधिकारियों की प्रशंसा की और सारंगढ बिलाईगढ़ के हर व्यापारी को इस संस्था से जुड़ने कहा।

### सड़क किनारे लोगों को रौंदती चली गई गाड़ी

**राउरकेला।** जलदा फांडी अंतर्गत जलदा सी ब्लॉक चौराहे के पास हुए भीषण सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने सड़क पर चल रहे लोगों को कुचलते हुए दो बाइकों और एक कार को भी जोरदार टक्कर मार दी। मृत महिला की पहचान जलदा सी ब्लॉक निवासी सुनीता मुंडारी 52 के रूप में हुई है। गंभीर रूप से घायल हुए चार लोगों में से तीन को जेपी अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, ओडी 02 जेड 1155 नंबर की स्कॉर्पियो, जो लाठीकाटा से जलदा की ओर आ रही थी, अचानक अनियंत्रित हो गई और एक होंडा शाइन बाइक, एक बुलेट, एक क्षतिग्रस्त मारुति वैगनआर और बस का इंतजार कर रहे यात्रियों को टक्कर मार दी। घटनास्थल पर ही सुनीता मुंडारी की मौत हो गई।

पाला जमना शुरू, ठंडी हवाओं ने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर किया, शाम के बाद सड़कों पर आवाजाही हुई कम

# मौसम ने बदली करवट, पारा 5 डिग्री लुढ़का



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले का मौसम ने अचानक करवट बदल लिया है। बीते दो दिनों से तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की जा रही है। बुधवार से चली हल्की एवं ठंडी हवाओं ने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया है। दिन ढलते ही शहर और आसपास के क्षेत्रों में ठंड और अधिक बढ़ती जाती है, जिससे शाम के बाद सड़कों पर आम आवाजाही भी कम दिखाई देने लगी है। गुरुवार रात जिले का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया, जबकि दिन का तापमान सामान्य से नीचे बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान और भी गिर सकता है तथा उत्तर से आने वाली सर्द हवाएं जिले के मौसम को और ठंडा करेंगी।

### स्वेटर और गर्म कपड़ों की दुकानों में बढ़ी भीड़

जैसे-जैसे ठंड तेज हो रही है, शहर के कपड़ा बाजारों, स्वेटर दुकानों और फुटपाथों पर लगे गर्म कपड़ों के स्टॉल पर भीड़ बढ़ने लगी है। लोग जैकेट, स्वेटर, मफलर, मोजे और टोपी खरीदने दुकानों में उमड़ रहे हैं।दुकानदारों का कहना है कि पिछले सप्ताह तक खरीदारी सामान्य थी, लेकिन तापमान गिरते ही गर्म कपड़ों की बिक्री अचानक बढ़ गई है। कई दुकानों में नए डिजाइन और विंटर कलेक्शन भी मंगवाया जा रहा है ताकि ग्राहकों की मांग पूरी की जा सके। रात में ठंड अचानक बढ़ गई है, इसलिए लोग जरूरी गर्म कपड़े खरीदने निकल रहे हैं। अगले कुछ दिनों में और अधिक भीड़ की उम्मीद है।

### बगीचा, पंडरापाठ और सन्ना में पाला गिरना शुरू

जिला मुख्यालय के ग्रामीण क्षेत्रों बगीचा, पंडरापाठ और सन्ना में ठंड का असर और तेज दिखाई देने लगा है। सुबह के समय खेतों, पेड़ों की पत्तियों और छतों पर हल्की बर्फ जमनी शुरू हो गई है। किसानों ने बताया कि तड़के खेतों में सफेद परत साफ दिखाई दे रही है, जिससे फसलों पर भी ठंड का असर पड़ने की आशंका है।



### क्या कहते हैं मौसम विज्ञानी

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि पहाड़ी इलाकों के कारण जशपुर में सर्दी का प्रभाव हमेशा कुछ ज्यादा रहता है, और इस बार नवंबर के अंतिम सप्ताह में ही तापमान का इस स्तर पर आ जाना कड़ाके की सर्दी के संकेत हैं।

### रात में बढ़ रही सर्दी लोगों ने बदली दिनचर्या

नवंबर के आखिरी सप्ताह में ही कड़ाके की ठंड का असर स्पष्ट दिखने लगा है। लोग शाम होते ही घरों में जल्दी लौट रहे हैं। कई मोहल्लों में लोग अलाव जलाकर ठंड से बचने की कोशिश कर रहे हैं। बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है।



### क्या कहते है डॉक्टर बरतें ये सावधानियां

मुख्य चिकित्सा एवं स्वस्थ अधिकारी जशपुर जीएस ने बताया कि ठंड बढ़ने के साथ सर्दी-खांसी और बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। गर्म कपड़े पहनें, ठंडा पानी न पिएं, केवल गुनगुना पानी ही उपयोग करें। जिला अस्पताल में सभी आवश्यक दवाइयां उपलब्ध हैं, मरीजों के उपचार की सारी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

## संविधान दिवस पर लगा जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर के प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार साहू के उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय जशपुर में न्यायाधीशों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा संविधान की आत्मा अर्थात संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों, नैतिक मूल्यों, समानता, न्याय, स्वतंत्रता, बंधुत्व एवं अवैधानिक मूल्यों को सुदृढ़ करना तथा सभी को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना रहा। उक्त कार्यक्रम में शैलेश अच्युत पटवर्धन, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश जशपुर, जनार्दन खरे, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) जशपुर, सरोजनी जनार्दन खरे, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश जशपुर के अतिरिक्त न्यायाधीश जशपुर, सुमन सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जशपुर, क्रांति कुमार सिंह, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी जशपुर, कु श्वेता बघेल, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर, कु चौताली खांडेकर, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के प्रथम अति न्यायाधीश जशपुर, कु पूनम नाशिने प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के द्वितीय अति. न्यायाधीश जशपुर, नेहा तिर्की, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के तृतीय अति.न्यायाधीश जशपुर एवं जिला न्यायालय जशपुर तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में शास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गम्हरिया जिला पंचायत तथा बालक गृह जशपुर में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त जागरूकता कार्यक्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर, कु.चौताली खांडेकर, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के प्रथम अति न्यायाधीश जशपुर, कु. पूनम नाशिने प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के द्वितीय अति. न्यायाधीश जशपुर, नेहा तिर्की, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के तृतीय अति. न्यायाधीश जशपुर तथा अधिकार मित्र निरंतर कुजूर उपस्थित रहें। उक्त जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य संवैधानिक मूल्यों, संवैधानिक अधिकारों एवं कर्तव्य, शिक्षा का अधिकार तथा अन्य कानूनी अधिकारों से लोगों को जागरूक करना रहा। उक्त जागरूकता कार्यक्रम में नशीली दवाओं के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के संबंध में कानूनी जानकारी, नशा मुक्ति, बाल श्रम निषेध, मोटर दुर्घटना दावा अधिनियम, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012, समझौते के माध्यम से प्रकरण निराकरण हेतु नेशनल लोक अदालत, निशुल्क विधिक सलाह एवं सहायता के संबंध में जानकारी दी गई।

### भंडारा, सम्मान और सेवा के साथ बांटी खुशियां

**खरसिया।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री और खरसिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक उमेश नंदकुमार पटेल का जन्मदिन बड़े ही उत्साह, धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विधायक की अनुपस्थिति के बावजूद, कांग्रेस परिवार ने दिनभर विभिन्न सामाजिक और संगठनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन कर इस दिवस को सही मायनों में सेवा दिवस के रूप में समर्पित किया। दिनभर पूरे क्षेत्र में एकजुटता, उत्साह और जनभावना का माहौल देखने को मिला। उनके समर्थकों, कार्यकर्ताओं और आम जनता ने विधायक के प्रति अपनी श्रद्धा और स्नेह प्रकट किया, साथ ही उनके कार्यों को याद करते हुए सकारात्मक संदेश और प्रेरणा साझा की। विधायक उमेश पटेल के जन्मदिन को लेकर कार्यकर्ताओं और समर्थकों में बीते कई दिनों से ही उत्साह चरम पर था। खरसिया और रायगढ़ शहर के मुख्य मार्गों पर उनके समर्थकों द्वारा जगह जगह बैनर और पोस्टर लगाए गए, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बन गया।

## विशेष परियोजना समावेशी आजीविका योजना का उन्मुखीकरण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन जशपुर द्वारा समावेशी आजीविका योजना का दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम जिला पंचायत के सभागार में 26 और 27 नवंबर 2025 को संपन्न कराया गया।

यह नई परियोजना विकासखंड मनोरा एवं बगीचा के अत्यंत गरीब परिवारों, विशेषकर पहाड़ी कोरवा समुदाय, एकल महिलाओं तथा दिव्यांगजन परिवारों के एकीकृत विकास पर केंद्रित है। दिल्ली एवं रायपुर से आए प्रशिक्षक दल संदीप ओझा एसपीएमयू रायपुर, ब्रैक संस्था दिल्ली से सु उपासना जोशी एवं राज्य से विनय कुमार, ओमप्रकाश एवं अनिरुद्ध महापात्र ने प्रथम दिवस विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर समावेशी आजीविका मॉडल, अत्यंत गरीब परिवारों के आजीविका संवर्धन, स्वास्थ्यदृपोषण सुधार तथा शासकीय योजनाओं से उनके त्वरित जुड़ाव पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम में आदिम जाति कल्याण विभाग, पशुपालन, कृषि एवं समाज कल्याण विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारियों ने संबंधित योजना में अपने विभागों से प्रदान की जाने वाली सेवाओं विशेषकर अत्यंत गरीब परिवारों (पीवीटीजी) हेतु प्रावधानों को साझा किया। कार्यक्रम में बताया गया कि आगामी तीन वर्षों में कुल 2500 अत्यंत गरीब परिवारों का चयन कर उन्हें आजीविका, स्वास्थ्य, पोषण एवं सामाजिक सुरक्षा से जोड़ते हुए सशक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। यह पहल निश्चित रूप से वंचित समुदायों को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी। द्वितीय दिवस में बिहान परियोजना के जिला दल तथा मनोरा एवं बगीचा विकासखंड के खंड एवं क्लस्टर स्तरीय अधिकारियों और कार्यकर्ताओं को प्रतिभागी परिवारों के शीघ्र चयन, तथा चयनित परिवारों की समग्र आजीविका योजना समयबद्ध रूप से तैयार करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सीईओ जिला पंचायत ने इस पहल को विशेष एवं दूरगामी बताया तथा परियोजना की टाइमलाइन के अनुरूप लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए जिला एवं विकासखंड स्तरीय टीम को पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

**श्रम कोड के खिलाफ मजदूरों का विरोध-**राउरकेला। केंद्र सरकार के श्रमिक विरोधी श्रम कोड के खिलाफ बुधवार को राउरकेला में मिलित मंच के आह्वान पर व्यापक जनविरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया।

## जेम पोर्टल से क्रय-विक्रय एवं डिजिटल मार्केटिंग के संबंध में कार्यशाला





**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जशपुर द्वारा विगत दिवस 27 नवम्बर को भारत सरकार की आरएएमपी योजना अंतर्गत जेम पोर्टल से क्रय-विक्रय एवं डिजिटल मार्केटिंग के संबंध में शासकीय विभागों एवं उद्यमियों हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन मंत्रणा सभाकक्ष कलेक्ट्रेट परिसर जशपुर में किया गया।

कार्यक्रम के दौरान संबंधित विषय पर आरएएमपी योजनांतर्गत सीएसआईडीसी, रायपुर से आये मास्टर ट्रेनर राकेश तिवारी द्वारा विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में विभिन्न शासकीय विभाग, स्वयं सहायता समूह ,निर्माता, ट्रेडर्स इत्यादि उपस्थित थे। विभागों द्वारा पोर्टल पर बिड निर्माण संबंधी जानकारी ली गई एवं उद्यमियों द्वारा कैटलॉग निर्माण एवं रजिस्ट्रेशन संबंधी जानकारी मुख्य रूप से ली गई। उक्त कार्यशाला के दौरान उद्यमी प्रतीक जैन द्वारा कार्यशाला के दौरान ही जेम पोर्टल पर पंजीयन कराया गया। कार्यशाला में एमएस पैंकरा, महाप्रबंधक जिला व्यापार उद्योग केंद्र जशपुर, प्रतिनिधि जिनवाणी इंडस्ट्रीज, जी इंडस्ट्रीज,स्वयं सहायता समूह सहित अन्य लगभग 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## वाटरशेड महोत्सवः जल संचयन पर रील बनाओ इनाम पाओ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर




भारत सरकार भूमि संसाधन विभाग द्वारा राज्य सरकार के सहयोग से प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना जलग्रहण विकास घटक अंतर्गत वाटरशेड महोत्सव राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत परियोजना स्तर पर वाटरशेड महोत्सव 19 नवम्बर से 19 दिसम्बर 2325 के दौरान आयोजित किया जा रहा है।

जशपुर जिले में वाटरशेड महोत्सव अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों श्रमदान, लोकार्पण, भूमिपूजन एवं अन्य प्रतियोगिता के साथ-साथ राज्य स्तरीय सोशल मीडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया जावेगा। प्रतियोगिता में 04 रील विजेता को 50-50 हजार रुपए एवं 100 फोटोग्राफी विजेता को 01-01 हजार रुपए का पुरस्कार राशि प्रदान की जावेगी। पुरस्कार हेतु 04 रील में से 03 रील जल संचयन से संबंधित परियोजना क्षेत्र में निर्मित संरचनाएं एवं 01 रील बागवानी और कृषि वानिकी गतिविधियों में से चयन किया जावेगा।

यह प्रतियोगिता 31 दिसंबर 2025 तक आयोजित की जावेगी। कोई भी इच्छुक व्यक्ति जल संचयन संरचनाओं, बागवानी, कृषि वानिकी तथा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना एवं जलग्रहण विकास घटक योजना अंतर्गत निर्मित संरचनाओं और उनसे समुदायों को होने वाले लाभों को प्रदर्शित करते हुए 30 से 60 सेकण्ड का लघु विडियो, रील या कैप्शन सहित फोटो तैयार कर सकता है। प्रतिभागियों को अपनी सामग्री सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करते समय निर्धारित हैशटैग का उपयोग करना अनिवार्य होगा। 31 जनवरी 2026 तक स्क्रीनशॉट पोर्टल में करनी होगी जमा। पंजीकरण के दौरान प्रतिभागियों को अपने सोशल मीडिया पोस्ट लिंक भी अपलोड करना होगा, जिसके बाद उन्हें सफल पंजीकरण का पुष्टिकरण मेल प्राप्त होगा। प्रतियोगिता अवधि समाप्त हाने के पश्चात 31 जनवरी 2026 शाम 06 बजे तक प्रतिभागियों को अपने पोस्ट के रिच व्यू इंगेजमेंट लाइक एवं कमेंट का स्कीनशाँट पोर्टल पर जमा करना होगा।

### पेज 1 का शेष

### रबी फसल उत्पादन ...

क्षमता का उपयोग नहीं हो पाता। उन्होंने बताया कि संस्थान में पिछले 9 वर्षों से धान–परती प्रणाली पर संरक्षित कृषि आधारित अनुसंधान किए जा रहे हैं। इन अनुसंधानों के आधार पर धान कटाई के बाद शून्य जुताई से मसूर, चना, सरसों, तीसी जैसी फसलों की बुवाई,खेतों की अवशेष नमी का संरक्षण, न्यूनतम जुताई एवं हल्की सिंचाई,अवशेष प्रबंधन के माध्यम से किसान अपनी आमदनी दोगुनी कर सकते हैं।उन्होंने जोर दिया कि वर्तमान जलवायु परिवर्तन की स्थिति में संरक्षण कृषि तकनीक धान–परती प्रणाली के प्रबंधन में अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी।

## कलेक्टर ने ली जीवनदीप समिति की बैठक

# एनेस्थेसिया वर्क स्टेशन मशीन और उपकरणों की जरुरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




कलेक्टर एवं जीवनदीप समिति के अध्यक्ष मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जीवनदीप समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय व्यय विवरण की विस्तृत समीक्षा की गई और विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर गहन चर्चा हुई।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिला अस्पताल एवं उससे संबद्ध अस्पतालों की मौजूदा सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जनसामान्य को समय पर और पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक द्वारा एजेंडा अनुसार चर्चा के दौरान बताया गया कि मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए ऑपरेशन थिएटर में शल्यक्रिया के लिए एनेस्थेसिया वर्क स्टेशन मशीन, सीबीसी जांच मशीन तथा अन्य अत्यावश्यक चिकित्सा उपकरणों की खरीद एवं व्यवस्थापन की आवश्यकता है। इस संबंध में विस्तृत प्रस्ताव कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया गया। कलेक्टर ने सभी एजेंडा बिंदुओं पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने एजेंडा के अतिरिक्त अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की और अस्पताल प्रबंधन से स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार लाने के लिए सुझाव एवं दिशा निर्देश दिए।

### तेज़ रफ्तार बस ने खड़ी गाड़ियों को रौंदा

**राउरकेला।** रघुनाथ पाली थाना क्षेत्र के सिविल टाउन के होटल सोलेश निकट गुरूवार सुबह एक भयावह सड़क हादसा हुआ, जब तेज़ रफ्तार देवगढ़ से राउरकेला आ रही भाग्य लक्ष्मी यात्री बस सड़क किनारे खड़ी कई गाड़ियों पर चढ़ गई।

कमर, जांघ, ऑर्म, वक्ष स्थल



शरीर के अन्य हिस्सों का लेज़र द्वारा लाइपोसक्शन
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• नॉर्मल डिलीवरी
• सिजेरियन
• हाई रिस्क प्रेग्नेंसी
• बच्चेदानी का ऑपरेशन
• बांझपन का ईलाज
24x7 प्रसव सुविधा..
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com



बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411